झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

**10 May 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


**Website :** www.rnsacademy.in
**Email :** academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


**Contact : 8084818282, 9113365645**


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 10 मई का इतिहास

- **1526 :** पानीपत की पहली लड़ाई में जीत के बाद बाबर ने तत्कालीन भारत की राजधानी अकबराबाद में प्रवेश किया।
- **2005 :** लाहौर-अमृतसर बस सेवा शुरू करने पर भारत और पाकिस्तान सहमत हुए।
- **1857 :** दिल्ली से करीब 60 किलोमीटर दूर मेरठ में अंग्रेजों के खिलाफ पहली लड़ाई में ब्रिटिश सेना में काम करने वाले भारत माता के वीरों ने 50 अंग्रेज सिपाहियों को मार डाला
- **1857 :** भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आरंभ हुआ।

## 10 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने अपनी चल रही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय के अनुरोध के जवाब में स्मार्ट सिटीज मिशन को जून 2024 तक बढ़ा दिया है। मिशन की गतिविधियों को पूरा करने के लिए सभी शहरों को पांच वर्ष प्रदान करने के लिए शुरू में समय सीमा जून 2023 निर्धारित की गई है। सरकार ने 100 शहरों को लगभग 38000 करोड़ रूपये जारी किए हैं।
- ट्राई ने सिफारिश की है कि भारत मे केवल लैंडिंग स्टेशनों को महत्वपूर्ण और आवश्यक सेवाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। इसने उपयोगकर्ता के अनूकुल, पारदर्शी और उत्तरदायी डिजिटल सिंगल-विंडो सिस्टम आधारित पोर्टल स्थापित करने की भी सिफारिश की है। यह पोर्टल एंड टू एंड अंतर विभागीय ऑनलाइन प्रक्रियाओं के लिए स्थापित किया जाना चाहिए। इस समिति को मौजूदा प्रक्रियाओं की नियमित समीक्षा, सरलीकरण और अद्यतन करना चाहिए। इसे चालू गतिविधि के रूप में व्यवसाय करने में आसानी सुनिश्चित करनी चाहिए।
- ओडिशा सरकार ने पुरूष और महिला भारतीय हॉकी टीमों के लिए अपने प्रायोजन को 2023 से 2033 तक दस साल के लिए और बढ़ाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। कैबिनेट ने विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत 15 विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी। उड़ीसा 2018 से ही मेन ओर वीमेन नेशनल हॉकी टीम का आधिकारिक प्रायोजक रहा है, इसलिए यह समर्थन भारत में हॉकी के विकास और उन्नयन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।
- वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने कोविड-19 महामारी के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए विवाद से विश्वास 1 एमएसएमई को राहत नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य महामारी से प्रभावित एमएसएमई को राहत प्रदान करना है। कोविड-19 महामारी के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को उनकी प्रदर्शन सुरक्षा, बोली सुरक्षा और सरकारी उपक्रमों और सरकारी एजेंसियों द्वारा जब्त/काटे गए परिसमापना क्षति को वापस करके राहत प्रदान करना।
- केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और राजमार्ग व आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के निर्माण स्थल का दौरा किया। उनके इस दौरे का उद्देश्य परियोजना की प्रगति की समीक्षा करना था। देश के इस पहले अंतर्राष्ट्रीय मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण असम के बोंगाईगांव जिले में जोगीघोपा नामक स्थान पर किया जा रहा है। इस पार्क को सड़क, रेल, वायु और जलमार्ग से जोड़ा जाएगा। इसका निर्माण ब्रह्मपुत्र के किनारे 317 एकड़ भूमि में किया जा रहा है।
- पोलावरापु मल्लिकार्जुन प्रसाद कोल इंडिया के अगले अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक होंगे। वह वर्तमान में रांची स्थित सीआईएल शाखा सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत है।
- माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा में छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों का समर्थन करने के उद्देश्य से दो नई पहलों की घोषणा की है। टेक दिग्गज ने एक समर्पित हेल्पलाइन ओर एक व्यापक वेबसाइट लॉन्च की है, जिसे विशेष रूप से भारतीय एसएमबी को अपनी व्यावसायिक चुनौतियों का समाधान करने, संचालन में सुधार, दक्षता बढ़ाने और विकास को चलाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने राष्ट्रीय भुगतान निगम के साथ सहयोग करके अपने पांच लाख बैंकिंग प्वाइंट्स पर आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली के लिए फेस प्रमाणीकरण लाने की घोषणा की है। यह भारत में इस तरह की पहली पहल हैं, जहां चार बैंकों ने एईपीएस के लिए फेस प्रमाणीकरण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय भुगतान निगम के साथ सहयोग किया है।
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम योजना में नामांकित श्रमिकों के लिये एक नई सेवा की शुरूआत की जा रही है। यह सेवा है-एसएमएस के जरिये श्रमिकों की अटेंडेंस की पुष्टि करने की। सरकार ने कुछ समय पूर्व योजना के तहत कार्यरत श्रमिकों की अटेंडेंस डिजिटल रूप से दर्ज कराए जाने का निर्देश दिया था। इसके लिए भौतिक मस्टर रोल को एक मोबाइल ऐप राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व लूपस दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 मई (B) 11 मई
(C) 12 मई (D) 13 मई

**(A)** विश्व लूपस दिवस 10 मई को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को लूपस बीमारी के बारे में जागरूक करना है। यह बीमारी रूमेटॉलॉजी का ही एक रूप है जो सबसे ज्यादा महिलाओं में होती है। इस बीमारी का प्रभाव सर से पांव तक होता हैं। बुखार आना, मुंह में छोल आना, स्किन पर चकते आना, पेट में दर्द होना, जोड़ों में सूजन होना, बालों का झड़ना आदि इस बीमारी के प्रमुख लक्षण है।




**2. हिमाचल मंत्रिमंडल ने स्पीति की महिलाओं के लिए कितने रूपये मासिक प्रोत्साहन राशि को मंजूरी दी ?**

(A) 500 रूपये (B) 1000 रूपये
(C) 1500 रूपये (D) 2000 रूपये

**(C)** हाल ही में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के नेतृत्व में हिमालच प्रदेश मंत्रिमंडल ने स्पीति घाटी में महिलाओं के लिए 1500 रूपये मासिक प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। 18 वर्ष से अधिक आयु की बौद्ध भिक्षुणियों सहित सभी पात्र महिलाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।



**3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने टोडी टैपर्स के लिए एक नई बीमा योजना की घोषणा की है ?**

(A) तेलंगाना (B) उत्तर प्रदेश
(C) ओडिशा (D) तमिलनाडु

**(A)** तेलंगाना सरकार ने टोडी टैपर्स के लिए एक नई बीमा योजना की घोषणा की है जिसे गीता कर्मिकुला भीमा कहा जाता है। यह योजना किसानों के लिए रायथु बीमा कार्यक्रम के समान है और इसका उद्देश्य टोडी के उन परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जो खेतों में ताड़ के पेड़ों से टोडी इकट्ठा करते समय दुर्घटनाओं के कारण मर जाते हैं।



**4. हाल ही में किस राज्य द्वारा मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन, रोजगार योजना शुरू की गई है?**

(A) झारखंड (B) उत्तराखंड
(C) केरल (D) छत्तीसगढ़

**(B)** उत्तराखंड कैबिनेट ने विदेश में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन और वैश्विक रोजगार योजना को मंजूरी दी। विदेश में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों में राज्य सरकार कौशल विकसित करेगी। सरकार छात्रों को टिकट और वीजा दिलाने में भी मदद करेगी। पहले चरण में चयनित उम्मीदवारों को संस्थानों द्वारा हॉस्पिटैलिटी और नर्सिंग क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा।



**5. हाल ही में दक्षिण अफ्रीका कि किस दिग्गज तेज गेंदबाज ने अंतर्राष्टीय क्रिकेट से संन्यास लिया ?**

(A) शबनिम इस्माइल (B) सुने लूस
(C) नदीन डी क्लर्क (D) त्रिशा चेट्टी

**(A)** दक्षिण अफ्रीका की स्टार तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने अपने 16 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर पर तत्काल प्रभाव से विराम लगाते हुए, संन्यास की घोषणा कर दी हैं। हालांकि वह दुनिया भर में होने वाले टी-20 क्रिकेट में मौका मिलने पर जरूर एक्शन में नजर आएंगी।



**6. हाल ही में देश के 100 साल पुराने बांधों को सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा, इनमें राजस्थान के कितने बांध शामिल हैं ?**

(A) 2 (B) 4

(C) 6 (D) 8

**(B)** हाल ही में देश में 100 साल पुराने बांधों का सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा, इनमें राजस्थान के 4 बांध शामिल हैं। राजस्थान के स्वरूप सागर, उदय सागर, राजसमंद तथा जयसमंद बांध शामिल हैं। देश के कुल 234 बांध इस दायरे में आते हैं। इनमें सर्वाधिक 63 बांध एमपी में है।



**7. हाल ही में किस राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक कार्यो का एक नया निदेशालय बनाया है?**

(A) राजस्थान (B) हिमाचल प्रदेश

(C) नागालैंड (D) छत्तीसगढ़

**(C)** नागालैंड सरकार ने योजना और परिवर्तन विभाग के तहत अल्पसंख्यक मामलों का एक नया निदेशालय बनाया है। नया निदेशालय केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के तहत अल्पसंख्यकों की शैक्षिक, आर्थिक, ढाचागत और विशेष जरूरतों से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रबंधन करेगा।




**8. बुलंद भारत अभ्यास क्या है ?**

(A) एकीकृत थिएटर कमांड युद्ध-खेल अभ्यास

(B) भारतीय सेना का एक एकीकृत निगरानी और मारक क्षमता प्रशिक्षण अभ्यास

(C) भारतीय सेना और भारतीय नौसेना का संयुक्त अभ्यास

(D) भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास

**(B)** हाल ही में पूर्वी थिएटर के सबसे ऊंचाई वाले आर्टिलरी रेंज में बुलंद भारत अभ्यास आयोजित किया गया। बुलंद भारत अभ्यास एक एकीकृत निगरानी और मारक क्षमता प्रशिक्षण अभ्यास है। इस अभ्यास में अरूणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग और तवांग जिलो में तैनात विशेष बलों, उड्डयन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवान शामिल हुए।



**9. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2023 किसके द्वारा जारी किया गया है ?**

(A) अंतर्राष्ट्रीय प्रेस संस्थान (B) इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स

(C) एसोसिएटेड प्रेस (D) रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स

**(D)** हाल ही में वैश्विक मीडिया वॉचडॉग रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2023 जारी किया गया। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 के इस सूचकांक में भारत 180 देशों में से 161वें पर स्थान पर है। इस रिपोर्ट में नॉर्वे, आयरलैंड और डेनमार्क की नॉर्डिक तिकड़ी ने शीर्ष तीन पदों पर कब्जा किया है।



**10. सामाजिक क्षेत्र में सर्वोत्तम अभ्यास एक संग्रह 2023 किसके द्वारा जारी किया गया है ?**

(A) नीति आयोग (B) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

(C) गृह मंत्रालय (D) स्माइल फाउंडेशन

**(A)** हाल ही में नीति आयोग ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से सामाजिक क्षेत्र में सर्वोत्तम अभ्यास एक संग्रह, 2023 जारी किया। यह संग्रह भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाता है। साथ ही यह केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के प्रयासों को उजागर करके उनकी सराहना करता है।

